# छात्रावास में भेंट किए 21 हजार रूपए

**लक्ष्मनगढ शेखावाटी ।** निजी चिकित्सा केंद्र में कंपाउंडर रामावतार गौड़ ने अपनी पुत्रवधू के सरकारी सेवा में वरिष्ठ अध्यापक के पद पर चयनित होने पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण के लिए 21 हजार रुपए नकद प्रदान किए हैं । यह जानकारी देते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के मंत्री मनोज कुमार गौड़ ने बताया कि धाभाईयों की ढाणी निवासी चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता रामवतार गौड ने अपनी पुत्रवधू श्रीमती भवानी तंवर के राजकीय सेवा में वरिष्ठ अध्यापक के पद पर चयनित होने पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सेठों की कोठी के सामने से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण के लिए 21 हजार रुपए नकद प्रदान कर आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि श्रीमती भवानी तंवर के पति सुभाष गौड़ भी शिक्षा विभाग में सरकारी शिक्षक है । उन्होंने बताया कि छात्रावास के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर छात्रावास निर्माण समिति के पदाधिकारी सदस्यों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए रामावतार गौड़ का आभार जताया है तथा पुत्रवधू व पुत्र के सरकारी सेवा में चयनित होने पर बधाई दी है।

# भाजपा के सदस्यता अभियान में प्रत्येक बूथ पर 200 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया

## भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर 4 विधान सभाओं के नौ शक्ति केंद्रों पर कार्यशालाएं हुई

**सीकर ।** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर जिले में विभिन्न शक्ति केंद्रों पर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। अभियान के जिला संयोजक व धोद विधायक गोरधन वर्मा व जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल के नेतृत्व में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं से सर्वाधिक सदस्य बनाने का आव्हान किया।

नीमकाथाना के आगरी व ठीकरिया, खंडेला के कांवट व दायरा, श्रीमाधोपुर के सांवलपुरा तंवरान व श्रीमाधोपुर शहर, दांतारामगढ़ विधानसभा के पचार, मेई व सुल्यावास के शक्ति केंद्रों पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में अभियान के जिला संयोजक व धोद विधायक गोरधन वर्मा, जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल, अभियान के जिला समन्वयक व खंडेला विधायक सुभाष मील व जिला मंत्री ओमप्रकाश बिजारणियां ने संबोधित किया।

कार्यशालाओं में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान में प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य नए सदस्य लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाने के लिए बूथ पर जाना होगा। कहा कि जिले में सर्वाधिक सदस्य बनाने का रिकार्ड सभी को मिलकर पूरा करना होगा। कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार आमजन के कार्य करके नये आयाम स्थापित कर रही है। ऐसी पार्टी जो राजनीति के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के कार्य भी करती है इसके साथ आमजन जुडऩे को लालायित है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने सदस्य अभियान को गति देने के लिए जिलाध्यक्ष सुबेदार मुस्ताक अहमद की अध्यक्षता में बैठक हुई। मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खां के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बैठक में हुसैन खां ने सदस्यता अभियान को गति देने व सदस्य बनाने के तरीके बताएं। कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे मे तफसील से बताया। मोर्चा जिलाध्यक्ष सुबेदार मुस्ताक खां ने जिला स्तर पर अभियान को गति देने के लिए जिला संयोजक व सहसंयोजकों की नियुक्ति की। इस दौरान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी शहनवाज, गुलजार कुरैशी, जिला संयोजक नसीर खान, जिला महामंत्री इकबाल मालावत, उपाध्यक्ष फिदा हुसैन, प्रदेश पदाधिकारी जावेद खान, रसीद खां, आकिब खान, मंडल अध्यक्ष सलीम तंवर, मजीद मालावत आदि मौजूद रहे।



भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर जिले में विभिन्न शक्ति केंद्रों पर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई।

# सार-समाचार

## सारिका एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में चयनित

**पालवास ।** सीकर स्थित प्रिंस स्कूल के विद्यार्थियों ने जेट परीक्षा-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉम्पिटिशन एग्जाम्स की श्रेणी में नया आयाम स्थापित किया है। प्रिंस की सारिका चौधरी व गौरव नेनिवाल ने कक्षा 12वीं के साथ ही जेट एग्जाम में शानदार स्कोर के साथ देश के प्रतिष्ठित स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर में प्रवेश प्राप्त किया है। इसी तरह अमन सैनी, लक्की मेघवाल, हेमंत शर्मा, प्रतिभा भास्कर, श्वेता चौधरी, प्रिंस धायल सहित अनेक विद्यार्थियों ने गवर्नमेंट एग्रीकल्चर कॉलेज में प्रवेश हासिल किया है। निदेशक जोगेंद्र सुण्डा एवं प्रिंसिपल एम. आर. अग्रवाल ने चयनित विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाइयां दी।

## एपीओ आदेश पर हुआ स्टे

**पाटन ।** 06 सितंबर को उप सचिव, पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा पशुपालन विभाग के जिला उपनिदेशक के एपीओ आदेश जारी किए थे और 10 सितंबर को संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग सीकर द्वारा उन्हें कार्यमुक्त भी कर दिया था। डॉ मेहरानिया की अपील पर 11 सितंबर को राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण (सर्विस ट्रिब्यूनल कोर्ट) जयपुर द्वारा उक्त एपीओ आदेश के साथ साथ उनके कार्यमुक्ति आदेश पर स्थगन (स्टे) दे दिया है तथा अपील अधिकरण के उक्त आदेशों की अनुपालना में मंगलवार को डॉ मेहरानिया पुनः जिला उपनिदेशक पशुपालन विभाग नीमकाथाना के पद पर निरंतर राजकीय सेवा पर कार्य ठाहण करेंगे । ट्रिब्यूनल कोर्ट के एडवोकेट संदीप कलवानिया ने डॉ मेहरानिया की और से वाद प्रस्तुत किया, जिस पर अधिकरण के सदस्य लेखराज तोसाबड़ा एवं श्रुति शर्मा ने उक्त स्थगत आदेश जारी किए हैं। झमाझम बरसातबीदासर । कस्बे में गत तीन चार दिनों से चल रहे गर्मी के तीखे तेवर के बाद बुधवार की दोपहर बाद झमाझम बरसात हुई। लगभग 20 मिनट तक झमाझम हुई बरसात से मौसम में ठंडक घुल गई। झमाझम बरसात से कस्बे के मुख्य मार्ग बरसाती पानी से लबालब हो गए। झमाझम बरसात के चलते चोरड़िया मार्ग, नगर पालिका मार्ग पर बरसाती पानी ने दरिया का रूप ले लिया। बरसात रुकने के बाद भी बरसाती पानी मुख्य सडक मार्गों पर बहता रहा। बरसात से मौसम सुहावना हो गया। वही समाचार लिखे जाने तक आसमान में गहरे बादल मंडराए रहे। रुक रुक बूंदाबांदी का दौर जारी रहा।

## वाशिंग लाइन की स्थापना की मांग

**रतनगढ** (निसं) रतनगढ़ रेल्वे जंक्शन पर वाशिंग लाइन की स्थापना करने की मांग को लेकर पार्षद नंदकिशोर भार्गव ने केंद्रीय रेलमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मीटर गेज के समय जंक्शन पर 10 कोच की वाशिंग लाइन स्थापित थी, लेकिन ब्रॉडगेज के साथ ही इस व्यवस्था को यहां से हटा दिया गया। जंक्शन के इर्द-गिर्द पर्याप्त मात्रा में जगह हैं तथा क्षेत्र में पानी व बिजली की उपलब्धता प्राप्त है। इसलिए रतनगढ़ रेल्वे स्टेशन पर वाशिंग लाइन स्थापित की जाए।

# गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

**रतनगढ**(निसं)। भारत विकास परिषद्, शाखा-रतनगढ़ द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोसरिया में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में संस्था प्रधान मंजू कुल्हरी द्वारा परिषद् सदस्यों का शाब्दिक स्वागत किया। प्रान्तीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान ने भारत विकास परिषद् का परिचय दिया एवं परिषद् द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में बताया। प्रकल्प प्रभारी राजेंद्र सिंह बीदावत ने गुरूजनों द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आा ान किया। सह सचिव शुकदेव सांखोलिया द्वारा बच्चों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया एवं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित कर इस अभियान के साथ जुडने का आव्हान किया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सुभाष भाटीया, पुरूषोत्तम लाल सैनी व श्रीमती नीतू वर्मा को दुपट्टा व शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर वंदन किया गया। अपनी-अपनी कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सवाई सिंह, कैलाश नाई व अनुसुइया को दुपट्टा ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया गया। सचिव परमेश्वर लाल आत्रेय ने शपथ दिलाई व किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का आठाह किया। परिषद् सदस्य शिवशंकर जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कैलाश आत्रेय, उप प्राचार्य दिनेश कुमार महर्षि, गिरधारी लाल, अनिल कंवल, शिवलाल, पवन काछवाल, रामोतार, सुमन, पूजा, मोहनलाल व अतुल मंगलहारा सहित विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पैदल यात्रियों का जत्था रवाना

**बीदासर** 11सितंबर । श्याम पैदल यात्री संघ के तत्वाधान में बुधवार को खाटू श्याम के लिए पैदल यात्रियों का जत्था वार्ड 9 स्थित बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर संघ के अध्यक्ष गोविंद पारासर के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ जुलूस के रूप में रवाना हुआ। पैदल यात्रियों का जुलूस कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरा तो पैदल यात्रियों का श्रृंद्धालुओं ने अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पैदल यात्रियों का जत्था खाटू नरेश श्याम के जयकारे लगाते हुए मुख्य मार्गों से गुजरा तो कस्बे का वातावरण आध्यात्मिक बन गया। पैदल यात्रियों का जत्था 16 सितंबर को खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर बाबा के दरबार में धोक लगाएगा। जुलूस में समाजसेवी गिरधारी लाल मेहला, रवि मोदी, मनोज पंसारी, बबलू शर्मा सहित अनेक श्रृंद्धालुओं ने भाग लिया।

# कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हुए

**पाटन ।** निकटवर्ती ग्राम काचरेडा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन व्यास पीठ पर विराजमान वेद वेदांत यदि महाराज के शिष्य परम श्रद्धेय गुरु सांई राम महाराज ने राजा बलि की कथा का श्रवण पान करवाया, जिसको सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन आसपास ठााम से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सांई राम महाराज ने कहा कि अच्छे रास्ते पर जाना है तो संकल्प लेना जरूरी है। हर बच्चों को अपने माता-पिता की बातों को मनाना चाहिए क्योंकि सबसे बड़े भगवान माता पिता ही होते हैं, जिनके ऊपर माता-पिता का आशीर्वाद है उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त होता है। इसलिए माता-पिता को भी चाहिए कि अपने बच्चों को भागवत कथा हो या सत्संग कीर्तन हो बच्चों को अवश्य लाना चाहिए। धर्म की कथा सुनने से बच्चों में सु संस्कार आते हैं। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्रीमती अंगूरी देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय छगन लाल अठावाल के परिवार द्वारा करवाई जा रही है। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।



गुरु सांई राम महाराज ने राजा बलि की कथा सुनाई।


## बेदखली सूचना

मनके सुरेश कुमार पुत्र श्री मुला राम उम्र 54 साल जाति घाणक निवासी ददरेवा तहसील राजगढ जिला चूरू का स्थाई रूप से निवासी हूँ, जो निचे लिखे तथ्य शपथ पूर्वक बयान करता हूँ:- यह है कि मेरा बेटा संदीप कुमार पुत्र सुरेश कुमार उम्र 31 साल जाति धाणक निवासी ददरेवा तहसील राजगढ जिला चूरू मेरा पुत्र है व मेरी पुत्रवधू सरिता पत्नि संदीप कुमार उम्र 30 साल जाति धाणक निवासी ददरेवा तहसील राजगढ़ जिला चूरू जो कि मेरी पुत्रवधू है। जो कि दोनों आवारा प्रवृती के है। जो मेरे व मेरे परिवार के कहने में नहीं चलते है। जो मेरे व मेरे परिवार के साथ आये दिन झगड़ा करते रहते है। यह है कि मेरा बेटा संदीप कुमार पुत्र सुरेश कुमार व मेरी पुत्रवधू सरिता पत्नि संदीप कुमार का अब मेरे परिवार से कोई किसी तरह का लेन देन नहीं है। और मेरा बेटा संदीप कुमार व उसकी पत्नि सरिता का मेरे परिवार के साथ कोई सम्बन्ध नही रहा है। यह कि मैं मेरे बेटे संदीप कुमार व मेरी पुत्रवधू सरिता को मेरी समपूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। यह कि मेरा बेटा संदीप कुमार व व् उसकी पत्नि सरिता भविष्य में मेरे व मेरे परिवार के नाम से कोई किसी भी प्रकार का किसी के साथ कोई लेन देन करते है तो उसके जिम्मेवार मेरे बेटा संदीप कुमार व मेरी पुत्रवधू सरिता होंगे और अन्य किसी प्रकार का अनैतीक कार्य करते है तो उसकी जिम्मेवारी भी मेरे बेटे संदीप कुमार व पुत्रवधू सरिता स्वयं की होगी। जिसमें मैं और मेरे परिवार के सदस्य जिमेवार नहीं होंगे। यह कि मैं और मेरा परिवार मेरे बेटे संदीप कुमार व पुत्रवधू सरिता के साथ आज दिनांक 11.09.2024 को सभी प्रकार के रिश्ते नाते खत्म करते है व मेरे बेटे संदीप कुमार व पुत्रवधू सरिता को बेदखल करता हूँ। सूचित रहे।
दिनांक:- 11.09.2024

शपथग्रहिता
सुरेश कुमार पुत्र श्री मुला राम , जाति घाणक निवासी ददरेवा तहसील राजगढ जिला चूरू

## बेदखली सूचना

मै कृष्ण उम्र 57 साल पुत्र रामानन्द एवं संतोष देवी उम्र 63 साल पत्नी कृष्ण जाति जांगिड़ निवासी न्यांगल बड़ी तहसील सिद्धमुख जिला चूरू के है, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करते है कि:- यह कि हमारी पुत्री कशमीरी है जिसकी हमनें शादी कर दी थी, हमारी पुत्री कशमीरी के दो संतान एक पुत्र व एक पुत्री पैदा हुये है। वर्तमान में हमारी पुत्री कशमीरी हमारे कहे अनुसार नही चल रही है व आवारा व बदमास प्रवृती के लोगों की संगत में रहती है, हमारे बिना बताये हमारे व हमारे परिवार के नाम से रूपये व सामान ले लेती है और उनके द्वारा वापिस मांगने पर झगड़ा फसाद करती है। तथा हमारे द्वारा समझाने पर भी नही मान रही है। हमें हमारी उक्त पुत्री से जान माल का खतरा है। इस कारण हमने आज दिनांक 11/09/2024 को हमारी उक्त पुत्री को हमारे परिवार की सम्पूर्ण जायदाद व सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से हमारी उक्त पुत्री का हमारे किसी भी प्रकार की सम्पति व जायदाद में किसी भी प्रकार का कोई हिस्सा नहीं रहा है। हमने हमारी उक्त पुत्री को हमारे परिवार से अलग कर दिया है। हम शेष सभी सदस्य हमारी उक्त पुत्री से अलग परिवार बनाकर रहने लग गये है। आज के बाद हमारी उक्त पुत्री द्वारा किये जाने वाले किसी प्रकार के कोई लेन-देन के जिम्मेवार वह स्वंय होंगे, हमारे घर व परिवार से इनका कोई लेना देना नहीं रहा है। आज से हमारी उक्त पुत्री को घर से अलग कर दिया है। हमारी उक्त पुत्री के द्वारा किसी प्रकार का लेन देन करने, वाद-विवाद या झगड़ा फसाद करने, मुकदमा, दावा आदि करने पर या अन्य कोई भी गलत काम करने पर या हमारी पुत्री के द्वारा अन्यत्र शादी करने पर हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। हम सर्व साधारण को सूचित करते है। सूचित रहे। दिनांक-11:09:2024

शपथ ग्रहिता-
कृष्ण पुत्र रामानन्द एवं संतोष देवी पत्नी कृष्ण, जाति जांगिड निवासी न्यांगल बडी तहसील सिद्धमुख जिला चूरू


# कलेक्टर शर्मा ने ली बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक

**सीकर,** 10 सितंबर। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को बजट घोषणा 2024 की क्रियान्वति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने बजट घोषणाओं की समयबद्धता के साथ क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर शर्मा ने बजट घोषणाओ की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन घोषणाओं के लिए अभी तक भूमि का आवंटन नहीं हुआ है वहां भूमि आवंटन कर आगे की कार्यवाही तय समय में पूरी करें। इस दौरान अतिवृष्टि के कारण स्कूलों, सड़कों एवं अस्पतालों की मरम्मत के संबंध में प्रस्ताव भिजवाने के लिए निर्देशित किया। अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं में प्रस्तावित सडक को एवं अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए इन्हें समय पर पूरा किया जाए। अधीक्षण अभियंता एवीवीएनएल को पीएम सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना का कैंप लगाकर प्रचार-प्रसार करने के लिए तथा सीएमएचओ को अस्पतालों में साफ-सफाई रखते हुए नियमित रूप से निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की बजट घोषणाओं सहित जनकल्याणकारी योजनाओं की मॉनिटरिंग करते हुए आमजन को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में 17 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय रोजगार उत्सव की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज परिडवाल, एसई पीएईचडी चुन्नी लाल भास्कर सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# इंदौरिया का जन्मदिन मनाया

**रतनगढ** (निसं) । भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया का 52 वां जन्मदिन शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पोद्दार गेस्ट हाउस में बुधवार को गणेश पूजा कर धूमधाम से मनाया ।

भाजपा नेता इंदौरिया का कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल ताशे के साथ पुष्प वर्षा कर 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया ।पंडित पवन तिवाडी, सुधीर शर्मा व उमाशंकर दाधीच ने गणेश वंदना करवाते हुए मंत्रोचार के साथ कार्यक्रम शुरू करवाया।आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया का कई सामाजिक स्वयंसेवी संस्थाओं व संगठनों ने साफा व शॉल ओढ़ाकर, दुपट्टा पहनाकर, श्री फल, तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया ।

# भाजपा ने किया महंत व पुजारियों का सम्मान

**झुंझुनूं, ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अनूठी पहल करते हुए नवाचार कर श्रद्धा केंद्र सम्मान अभियान के अंतर्गत सभी मंदिरों और मठों के महंत व पुजारियों को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर एक किट के माध्यम से अंगवस्त्र, शॉल, श्रीफल, हनुमान चालीसा आदि भेंट स्वरूप सम्मान पार्टी पदाधिकारियों के माध्यम से भिजवाया है। बुधवार को जिला मुख्यालय पर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा एव विस्तारक ओमप्रकाश शर्मा की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा झुंझुनूं के मंदिरों व मठों के पुजारियों को शॉल, पार्टी दुपट्टा ओढ़ाकर व हनुमान चालीसा की पुस्तक के साथ श्रीफल आदि भेंटकर सम्मानित किया। इस क्रम में मुनि आश्रम में पुजारी दीपक द्विवेदी, बड़ा मंदिर के महंत योगेश शर्मा व नरेंद्र शर्मा, सत्यनारायण मंदिर के पुजारी लालराम शर्मा, बावलिया बगीची शिव मंदिर के पुजारी निलेश मुदगल सहित अनेक मंदिरों के पुजारियों का भाजपा का श्रद्धा किट भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने कहा कि भजनलाल शर्मा की यह पहल कार्यकर्ताओं को पुरातन संस्कृति व धार्मिक भावनाओं से जोड़ने वाली है। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को मठों व मंदिरों के महंत व पुजारियों के आशीर्वाद के साथ संबल भी मिल रहा है।


## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

क्षेत्रीय कार्यालय, शिवसिंघपुरा हाउसिगं बोर्ड, नवलगढ रोड़, सीकर-332001
RPCB/RO Sikar/SKR-PH-018/980 Date: 05/09/24

### पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

विषय- श्री महेश कुमार पुत्र श्री मांगीलाल, प्लाट नंबर 49, क्षेत्रफल 1.2967 हेक्टेयर, मेसनरी स्टोन खनन परियोजना जो कि सामुहिक मेसनरी स्टोन क्लस्टर परियोजना में स्थित है जिसमे श्री महेश कुमार पुत्र श्री मांगी लाल, प्लाट नंबर 49, क्षेत्रफल 1.2967 हेक्टेयर, उत्पादन क्षमता 225000 टन प्रति वर्ष (रोम), मैसर्स क्वालिटी अर्थ मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड प्लाट नंबर 47, क्षेत्रफल 2.7466 हेक्टेयर, उत्पादन क्षमता 325000 टन प्रति वर्ष (रोम), मैसर्स एम.आर. सेवदा एंड कम्पनी प्लाट नम्बर 48, क्षेत्रफल 1.0124 हैक्टेयर , उत्पादन क्षमता 185100 टन प्रति वर्ष (रोम) सम्मिलित है जिनका कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 05.0557 हैक्टेयर एवं सामुहिक क्लस्टर उत्पादन क्षमता 735100 टन प्रतिवर्ष (रोम) है, जो निकट ग्राम कोटड़ी लुहारवास , तहसील खण्डेला एवं जिला सीकर में स्थित है कि पर्यावरण स्वीकृती के लिये लोक सुनवाई।

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महेश कुमार पुत्र श्री मांगीलाल , प्लाट नंबर- 49, क्षेत्रफल 1.2967 हेक्टेयर मौजुदा मेसनरी स्टोन खनन परियोजना निकट ग्राम कोटड़ी लुहारवास, तहसील खण्डेला एवं जिला सीकर का प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यंहा तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया है।
2. और चूंकि श्री महेश कुमार पुत्र श्री मांगीलाल ने राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल को परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृती के लिये आवेदन किया है।
3. और चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायू परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14-09-2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।
4. उक्त परियोजना से सम्बन्धित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) निम्नाकिंत कार्यालयों पर उपलब्ध है:- (i) जिला कलेक्टर, सीकर। (ii) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल मुख्यालय, 4 संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर। (iii) क्षेत्रीय कार्यालय, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, ए-218, अरण्यभवन झालाना संस्थानिक क्षेत्र जयपुर (iv) महा प्रबन्धक, जिला उद्योग केंद्र, सीकर। (v) कार्यालय राजीव गांधी सेवा केन्द्र कोटड़ी, लुहारवास, तहसील खण्डेला एवं जिला सीकर। (vi) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, शिवसिंहपुरा हाउसिंग बोर्ड, नवलगढ़ रोड़, सीकर।

अतः सर्व साधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे उक्त परियोजना के लिए पर्यावरण स्वीकृति से सम्बन्धित लोक सुनवाई हेतु दिनांक 16.10.2024 सुबह 11:30 बजे कार्यालय राजीव गांधी सेवा केन्द्र, कोटड़ी लुहारवास, तहसील खण्डेला एवं जिला सीकर में उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण मण्डल, शिवसिंहपुरा हाउसिंग बोर्ड, नवलगढ़ रोड़ सीकर में भी दिये जा सकते है ।

(प्रदीप कुमार आसनानी) क्षैत्रीय अधिकारी


# हिस्ट्रीशीटरों को लेकर झुंझुनूं एसपी सख्त

**झुंझुनं ।** झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने जिले के बदमाशों के खिलाफ दो दिन से विशेष अभियान छेड रखा है। दो दिनों में जिले के 223 हिस्ट्रीशीटरों में से 111 हिस्ट्रीशीटरों को थाने में लाकर पूछताछ की गई। वहीं 110 हिस्ट्रीशीटरों के बाकायदा पूछताछ नोट भी बनाए गए है। वहीं 32 हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ पाबंद जैसी कार्रवाई की गई है। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि बदमाशों पर पैनी नजर रखकर और उनके मूवमेंट पर नजर रखकर अपराध को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसी क्रम में अब जिले के सभी 223 हिस्ट्रीशीटरों के रिकॉर्ड को अपडेट करने का काम आगामी पांच दिनों में किया जाएगा। सभी सीआई, एसएचओ, सैकंड अफसर, एएसआई और हैड कांस्टेबलों को एक-एक हिस्ट्रीशीटर की पत्रावली सौंपी जा रही है। जो आगामी पांच दिन में हर एक हिस्ट्रीशीटर के रिकॉर्ड को अपडेट करेंगे। जिनमें उनकी नई फोटो के साथ-साथ फुट और फिंगर प्रिंट अपडेट करना। इसके अलावा उनके क्रिमिनल रिकॉर्ड को अपडेट करना शामिल है। इसके बाद सभी हिस्ट्रीशीटरों पर नियमित नजर रखने का भी एक प्लान तैयार किया जा रहा है। आपको बता दें कि एसपी शरद चौधरी द्वारा नई हिस्ट्रीशीट खोलने की भी तैयारी की जा रही है। माना जा रहा है कि आगामी दिनों में एक दर्जन से अधिक बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी।

# युवा शहीदों के जीवन से प्रेरणा ले : बाजौर

## अतिथियों ने प्रतिमा का विधिवत रूप सेअनावरण कर श्रद्धांजलि दी

**खेतड़ी,** ( निसं ) सिंघाना थाना क्षेत्र के जयसिंहसर में बुधवार को शहीद कन्हीराम डैला की प्रतिमा का अनावरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व विधायक सुभाष पूनिया थे, जबकि अध्यक्षता शहीद वीरांगना शरबती देवी ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने प्रतिमा का विधिवत रूप सेअनावरण कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रेम सिंह बाजौर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है किशहीदों का सम्मान तथा शहीद परिवारों के लिए सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। शहीद हमारे लिए देवताओं के समान होते हैं। हर मांगलिक कार्य में उन्हें याद कर समरण करना चाहिए। झुंझुनूं जिला वीरों की भूमि के नाम से जाना जाता है, यहां बचपन से ही युवाओं को देश सेवा की प्रेरणा दी जाती है। देश की सेवा करने को लेकर अपने प्राणों का त्याग करने वाला हमेशा अमर रहता है।शहीदकन्हीराम ने भी देश सेवा व अपनी मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर गांव का नाम रोशन किया है। झुंझुनूं जिले के शौर्य की मिट्टी को जोश और साहस का प्रतीक माना जाता है। देश के लिए सबसे अधिक सैनिक देने का गौरव झुंझुनूं के जिले के नाम से जाना जाता है। पूर्व विधायक सुभाष पूनिया ने कहा कि यहां के युवाओं को बचपन से ही सेना में जाने के लिए तैयार किया जाता है, जो सरहद पर किसी प्रकार की हलचल होने पर बहादुरी का परिचय देते हैं। झुंझुनूं जिले में सड़क किनारे लगीशहीदों कीप्रतिमायुवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। यहां के युवा सडक किनारे नियमित रूप से अभ्यास कर सेना में जाने की तैयारी भी करते देखे जा सकते हैं। शहीद कन्हीराम डैला1963 में सेकेंड ठोनेडीर में भर्ती हुए थे। 11 सितबर 1967 मे नाथुला बोर्डर सिक्किम में चीन के साथ लडाई में देश के लिए शहीद हो गए थे।शहीद कन्हीराम डैला ने 1965 में पाकिस्तान की लडाई में भाग लिया था। इस दौरान लडाई में उनके पैर में गोली लगने से ने घायल हो गए थे। इस मौके परसतीश गजराज, विजेंद्र भास्कर, विकास भालोठिया, सुरेंद्र भाटिया, सरपंच आनंद झाझडिया, पूर्व सरपंच कृष्णा कुमार यादव, सुखबीर मील, बिसनाराम झाझड़िया, सुरेश कुमार, जय सिंह धनखड, उमेश सिंह, कर्नल सुरेश जांगिड, सूबेदार सुभाष भास्कर सहित अनेक लोग मौजूद थे।



शहीद कन्हीराम डैला की प्रतिमा का अनावरण समारोह का आयोजन किया ।

# तपोभिनंदन समारोह आयोजित किया

**बीदासर ।** तेरापंथ भवन के समाधी केंद्र में बुधवार को समाधी केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी कार्तिक यशा के सानिध्य में प्रियंका भंसाली की मासखमण एवं संगीता बैद की ग्यारह की तपस्या का तपोभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शासन श्री साध्वी मदन श्री, साध्वी कुलप्रभा, साध्वी विमल प्रभा ने गीत एवं कविता के माध्यम से भावाभिव्यक्ति दी। तपो अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी कार्तिक यशा ने कहा कि जैन धर्म में तप का विशिष्ट स्थान है, और तेरापंथ धर्म संघ में भी अनेक विशिष्ट तपस्वी हुए है। प्रियंका एवं संगीता ने तपस्या कर दृढ संकल्प शक्ति एवं मनोबल का परिचय दिया है। इस अवसर पर शासन श्री साध्वी अमित प्रभा ने दोनों तपस्विनी बहिनों का तप अनुमोदन करते हुए कहा कि दोनों ही बीदासर की बेटियों ने तपस्या कर बीदासर का नाम रौशन किया है, व महान निर्जरा का कार्य किया है। इस अवसर पर तेरापंथ सभा, महिला मंडल, तेरापंथ युवक परिषद, कन्या मंडल, अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों ने तपस्विनी बहिनों का तप अनुमोदन किया। तेरापंथ सभा व अन्य संस्थाओं ने तपस्वी बहिनों का अभिनंदन पत्र व साहित्य प्रदान कर सम्मान किया।


## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ (चूरू)

Address -eonp.sdlp@yahoo.in, Phone :- 01559 - 222039
क्रमांकः न.पा.रा./निविदा 2024-25/2708-11 दिनांक:11/09/2024

### निविदा सूचना

नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) द्वारा विभिन्न कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के केन्द्र/राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में पजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से दिनांक 19.09.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक विक्रय की जाकर दिनांक 19.09.2024 को दोपहर 02.00 बजे तक प्राप्त की जाकर प्राप्त निविदायें दिनांक 19.09.2024 को दोपहर 05.00 बजे उपस्थिति ठेकेदारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण निम्न साईट www.sppp.raj.nic.in पर एवं कार्यालय समय में किसी दिवस को नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

| S.No. | NIB No. | UBN No |
|---|---|---|
| 1. | DLB2425A2522 | DLB2425WSOB07886 |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ (चूरू)

## राजगढ़ की छात्रा राज्य स्तर पर करेगी प्रतिनिधित्व



छात्रा चेष्टा

**सादुलपुर ।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ की छात्रा चेष्टा मोदी गुरुवार को मार्गदर्शक शिक्षक विमलेश चन्द्र के मार्गदर्शन में राजस्थान विधानसभा के डिजिटल म्यूजियम में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी में चूरू जिले का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करेगी। छात्रा के मार्गदर्शक शिक्षक विमलेश चन्द्र ने बताया कि कक्षा 10 वीं की छात्रा चेष्टा संगोष्ठी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्भावयता और सरोकार विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेगी। प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा, उपप्राचार्य अरुणा वशिष्ठ सहित स्टाफ सदस्यों ने छात्रा चेस्टा एवं मार्गदर्शक शिक्षक विमलेश चन्द्र को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति का 148.80 लाख का बजट पारित

### सदस्यों को 7 प्रतिशत लाभांश देने, अस्थाई कर्मचारियों का वेतन बढाने का प्रस्ताव किया, पारित 11 वर्षो से समिति लगातार लाभ में चल रही है

सादुलपुर। सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति की 49वी वार्षिक साधरण सभा की बैठक बुधवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में हुई। इस मौके पर संचालक मंडल की ओर से सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 का 148.80० लाख का बजट पारित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गणपत राम ख्यालिया ने सदस्यों आभार और अभिनंदन करते हुए बताया कि समिति ने वर्ष 2023-24 में 68 लाख 75 हजार 203 रुपए का लाभ कमाते हुए कुल संचित लाभ समिति का ०1 करोड 71 लाख 12 हजार 972 रुपए हो गया है।ख्यालिया ने बताया कि वर्ष के दौरान एमएसपी की 1918 किसानों से चना सरसों 38.68 करोड, 472 किसानों से मूंग खरीद ०8 करोड की गई, तथा यूरिया व डीएपी 36 लाख की उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने बताया की एम.ओ.पी 41.26 लाख की उन्नत किस्म के बीज तथा कीटनाशक दवाइयां 18.85 लाख रुपए का, राज्य सरकार की सेवा निवृत कर्मचारियों को 52.97 लाख की दवाइयां उपलब्ध करवाई गई है। तथा कीटनाशक दवाइयां का डिपो खोलकर किसानों को कीटनाशक दवाइयां उपलब्ध करवाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गत 11 वर्षो से समिति लगातार लाभ में चल रही है। इस मौके पर समिति के मुख्य व्यवस्थापक अखिलेश जोशी ने एजेंडे वाइज प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके अलावा कार्यालय भवन, गोदाम की मरम्मत का प्रस्ताव पारित किया गया, तथा ऑडिट रिपोर्ट में लगाए गए आक्षेपो की पूर्ति की गई। इस अवसर पर समिति में अस्थाई कर्मचारियों का वेतन बढाने व स्थाई करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। वार्षिक साधारण सभा को होशियार सिंह, भरत सिंह झाझडिया, कृष्ण भाकर, रामेश्वर पूनिया समिति उपाध्यक्ष, गोविंद गौड, सुरेंद्र स्वामी, मीर सिंह रेडू , राजेंद्र कालरी, हवा सिंह फगेडिया, मदन लाल शर्मा प्रबंध निदेशक केंद्र सहकारी बैंक सहित पूर्व विधायक नन्दलाल पूनिया ने भी विचार व्यक्त किए एवं समिति को राजस्थान की अग्रणी समिति बताया। सभा का समापन भाषण में समिति अध्यक्ष गणपत राम ख्यालिया ने सदस्यों को ०7 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की। सभा का संचालन कृष्ण भाकर ने किया।




सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति की बैठक को समिति अध्यक्ष गणपतराम ख्यालिया सम्बोधित किया।

## सार-समाचार

### पदयात्रा पहुंची झुंझुनूं



**झुंझुनूं, ।** झुंझुनूं ही नहीं, बल्कि शेखावाटी की हवेलियों के चर्चे पूरे विश्व में है। यही कारण है कि शेखावाटी में आने वाले पर्यटक सिर्फ यहां की हवेलियां और पुरानी कलाकृतियों को देखने के लिए हजारों किलोमीटर दूर से शेखावाटी में आते है। लेकिन लगातार हवेलियों को तोड़कर बनाए जा रहे मार्केट से यह पहचान खत्म हो रही है। जिसे बचाने के लिए अब पर्यटक गाइडों ने बीडा उठाया है। इसी क्रम में दो पर्यटक गाइड आबिद खान तथा संदीप शर्मा ने अपने एनआरआई दोस्त कपिल सैनी के साथ हेरिटेज बचाओ पदयात्रा निकाली। यह पदयात्रा नवलगढ़ से शुरू हुई। जो डूंडलोद, मुकुंदगढ, चूडी अजीतगढ और मंडावा होते हुए झुंझुनूं पहुंची। करीब 55 किलोमीटर का सफर तीनों युवाओं गाइड आबिद खान, संदीप शर्मा और उनके एनआरआई मित्र कपिल सैनी ने अपने साथी गाइड राहुल परिहार के साथ 31 घंटों में पूरा किया। इस मौके पर राहुल सिंह परिहार ने बताया कि उनकी किसी से व्यक्तिगत, राजनैतिक दुर्भावना नहीं है। लेकिन हमारी मांग यही है कि जो भी लोग पुरानी हवेली खरीदें। वो उसे तोड़े नहीं। बल्कि उसे होटल, म्यूजियम या फिर अन्य तरीके से टुरिज्म के लिए विकसित करें। क्योंकि शेखावाटी में पर्यटक सिर्फ हवेलियां और पुराना कलाकृतियां देखने आते है। यदि हवेलियां नहीं रहेगी तो यहां का पर्यटन खत्म हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यह छोटी से मुहिम उन्होंने शुरू की है। यदि सरकार इसके बाद भी कदम नहीं उठाती है तो दिल्ली तक जाएंगे और शेखावाटी के हेरिटेज को बचाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी। आपको बता दें कि इस पदयात्रा का मंडावा के गाइड संघ ने भी जोरदार स्वागत किया और कहा कि हवेलियां बचेगी तो झुंझुनूं व शेखावाटी का पर्यटन बचेगा।

### 5 विद्यार्थियों का ताइक्वांडो में चयन

**गांधीनगर ।** गुजरात में आयोजित हो रही सीबीएसई क्लस्टर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पालवास रोड, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी के 5 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। 63 किग्रा. भार वर्ग में शुभम डारा एवं 68 किठाा. भार वर्ग में युगरतना शेखावत ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता। 68 किठाा. भार वर्ग में रचित एवं 59 किग्रा. भार वर्ग में विशाल ने दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता है। इसी प्रकार 41 किग्रा. भार वर्ग में पारस यादव ने दूसरा स्थान हासिल करते हुए रजत पदक जीता। विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि पर निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा,प्रबंध निदेशक रमाकांत स्वामी एवं खेल प्रभारी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने विजेता विद्यार्थियों, कोच विजय सिंह एवं अभिभावकों को बधाइयां दी।

### प्रभारी मंत्री लेंगे बैठक

**झुंझुनूं, ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत 12 सितंबर को एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनूं आएंगे। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि प्रभारी मंत्री सुबह आठ बजे जयपुर से रवाना होकर 11 बजे झुंझुनूं पहुंचकर जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ बजट घोषणाओं एवं अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। शाम चार बजे वे झुंझुनूं से सीकर के लिए रवाना होंगे।

## हादसे में कार चालक गंभीर घायल

**सादुलपुर, ।** चूरू सादुलपुर सडक पर स्थित राधा स्वामी आश्रम के सामने बुधवार दोपहर बाद एक निजी बस और कार की आमने-सामने जबरदस्त हुई भिडंत में कार में सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया कि बस ओर कार की आमने सामने हुई भिडंत में बस के अगले दोनों टायर निकल गए तथा बस की बॉडी सडक के डिवाइडर पर टिक गई। जिसके कारण बडा हादसा होते होते टल गया तथा बस में सवार यात्री उत्तर कर बस से बाहर आ गए सभी यात्री सुरक्षित है। वही कार चालक को हिसार रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा मौका निरीक्षण किया। सडक दुर्घटना में दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हेड कांस्टेबल सुनील कुमार ने बताया कि दोपहर बाद जयपुरिया खालसा निवासी राजेश कुमार अपनी कार को लेकर सादुलपुर की ओर आ रहा था जबकि निजी बस चालक बस में सवारियां भरकर ग्रामीण क्षेत्रों में जा रहा था। राधा स्वामी आश्रम के नजदीक दोनों वाहनों की आमने-सामने भिडंत हो गई जिसके कारण कार चालक को गंभीर चोट लगने के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए कार चालक को हिसार रेफर किया है। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए सडक पर जाम भी लग गया लेकिन पुलिस ने क्षतिग्रस्त कर को क्रेन की मदद से सडक से हटकर मार्ग खुलवा दिया समाचार लेकर जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है। हेड कांस्टेबल सुनील कुमार ने बताया कि सादुलपुर बहल सडक पर गांव थान मठुई के नजदीक एक कार में सवार युवक बहल की ओर जा रहे थे तथा कार की गति तेज होने के कारण कर का संतुलन बिगड गया ।

## अफीम तस्कर 5 दिन के रिमांड पर

**सीकर ।** पुलिस थाना सीकर सदर ने एक स्मैक बेचने वाले को अफीम सहित गिरफ्तार किया है जिसको कोर्ट में पेश करके तीन दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है आरोपी से सदर थाना पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है गिरफ्तार अपराधी थानाराम के खिलाफ वर्ष 2022 का पहले भी लाडनूं थाने में एक अफीम की तस्करी का मुकदमा दर्ज है सदर थाना प्रभारी इंद्राज मरोडिया ने बताया कि अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किए थानाराम जिला डीडवाना कुचामन की सूचना पर उसको स्मैक सप्लाई करने वाले तस्कर घनश्याम तंवर पुत्र मांगीलाल निवासी महुआ को पुलिस थाना अकलेरा जिला झालावाड़से कल 10 सितंबर को गिरफ्तार कर आज 11 सितंबर को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय से सप्लायर तस्कर घनश्याम का 5 दिन का पुलिस रिमांड दिया है।

## 8 बोरिंग की केबल चोरी

**पाटन ।** मंगलवार की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा आठ अलग-अलग जगह पर लगी पानी सप्लाई की ट्यूब वेलों से केबल चोरी कर ले गए, जिसका मामला जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता शकील खान ने पाटन थाने में दर्ज करवाया है। खान ने प्राथमिक रिपोर्ट में लिखा है कि ग्राम बोपिया के स्कूल के पास दो बोरिंग,ढाणी अहिरान की एक बोरिंग, हरिपुरा टंकी के पास फतेहपुर रोड पर सप्लाई के लिए जाने वाली दो बोरिंग व छाजा की नांगल में पेयजल सप्लाई करने वाली दो बोरिंग की केबल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई तथा केबल को कुछ दूरी पर ले जाकर हरिपुरा व बोपिया की पहाडी के पास बैठ कर केबल का कवर हटा कर कोपर चोरी कर ले गए।जिस कारण इन गांवों में पेयजल सप्लाई बाधित रही तथा लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पडा। इससे पहले भी इन ग्राम पंचायतों में अनेकों बार चोरी हो चुकी है जिसका मामला रामसिंह पुरा सरपंच प्रतिनिधि राम सिंह जागीरदार ने थाने में दर्ज करवाया था, जो आज तक अज्ञात चोर पुलिस की पकड से दूर हैं। कनिष्ठ अभियंता शकील खान ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा केबल चोरी की गई है जिसके चलते पेयजल सप्लाई नहीं हो सकी। पाटन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हेड कांस्टेबल प्रभु दयाल के नाम सुपुर्द की है।



चोर आठ अलग-अलग जगह पर लगी पानी सप्लाई की ट्यूब वेलों से केबल चोरी कर ले गए ।

## जल महोत्सव 14 को

**पाटन ।** जिला कलक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में राजस्थान जल महोत्सव को लेकर विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए की आगामी 14 सितंबर को जलझूलनी एकादशी के दिन लोगों को शामिल करते हुए जिले में हर्ष व उल्लास के साथ राजस्थान जल महोत्सव मनाया जाए । राजस्थान जल महोत्सव बांध, तालाब व अमृत सरोवरों पर आयोजित किया जाए साथ ही ग्राम पंचायतों में पूर्ण रूप से भरे हुए जलाशयो पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। राजीविका ठाम संगठन तथा पंचायत द्वारा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, कास्तगारो, आमजन, संस्थाओं व मीडिया को आमंत्रित किया जाए ।

## 'शांति ही संस्कृति का विकास'

**झुंझुनूं, ।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में कब चतुर्थ चरण एवं बुलबुल हीरक पंख प्रशिक्षण एवं जांच शिविर, राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड, राज्य पुरस्कार रोवर प्रशिक्षण शिविर एवं स्थानीय संघ झुंझुनूं मान नगर का द्वितीय तृतीय सोपान पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में किया जा रहा है। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि शिविर में विभिन्न विद्यालयों के 280 स्काउट गाइड रोवर, कब बुलबुल को स्काउट गाइड की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। जिसमें ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना, झंडा गीत, प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, आपदा प्रबंधन, नियम, प्रतिज्ञा सहित विभिन्न दक्षता

**■ स्काउट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन**

बैजो की जानकारी प्रदान की जा रही है। स्काउट गाइड शिविरों के माध्यम से बालक बालिकाओं, युवक युवतियों में संस्कारों का बीजारोपण होता है और राष्ट्र के लिए सुयोग्य नागरिक तैयार किए जाते हैं। स्काउट गाइड के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के आयोजन कर इन नन्हें मुन्ने को भविष्य जीवन के लिए तैयार किया जाता है। शिविर में कब बुलबुल स्काउट गाइड एवं रोवर्स अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस कर रहे हैं। शिविरार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस कार्यक्रमों की कड़ी में सीओ महेश कालावत ने कहा कि शांति से ही संस्कृति का विकास होता है। शांति ही जीवन का आधार है। जिला मुख्यालय झुंझुनूं पर 21 सितंबर को विश्व शांति दिवस का आयोजन किया जाएगा। उससे पहले विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को शांति से रहने का संदेश दिया जाएगा। शिविर में सीओ गाइड सुभिता महला, स्थानीय संघ मान नगर सचिव धर्मपाल सिंह, झुंझुनूं सचिव बंशीलाल, कोषाध्यक्ष रामसिंह कुलहरि, सहायक सचिव रामाकिशन सैनी, राजेश शर्मा, सहायक सचिव विजय गर्वा, शक्तिसिंह शेखावत, दिनेश, अमरचंद, सुनिलकुमार, मोहम्मद जाबिर, अनिता सैनी, दीपिका सोनी, दर्शना कुमारी, कुलदीप, ऋद्धि कुमारी, कविराज, आदि प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं ।

## क्यूआर कोड लगाए

**झुंझुन ।** झुंझुनूं के सरकारी कार्यालयों में मूक बधिरों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान को लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बातचीत के लिए क्यूआर कोड उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसी क्रम में डीएसओ कार्यालय के बाहर और डीएसओ कपिल झाझडिया की टेबल पर क्यूआर कोड लगाकर ट्रायल लिया गया। जो सफल रहा। इस मौके पर अन्ना फाउंडेशन के डॉ. कमल मीणा की मौजूदगी में क्यूआर कोड चिपकाया गया। जिसके बाद स्केन कर एक मूक बधिर ने वीडियो कॉल जनरेट किया। इस वीडियो कॉल पर नुपूर फाउंडेशन के विशेषज्ञ प्रतिनिधि ने पहले मूक बधिर की समस्या सुनीं और फिर उसे डीएसओ को बताया।

## तीर्थ यात्रा योजना के आवेदन 19 तक

**सीकर** 11,सितम्बर। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजना वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना, 2024" का संचालन प्रारंभ हो चुका है। विभाग द्वारा जारी योजना देवस्थान विभाग की बेवसाईट पर देखी जा सकती है।

चरणबद्ध क्रियान्विति के तहत विभाग द्वारा अपनी वेवसाईट://...पर 04 सितम्बर 2024 से 19 सितम्बर 2024 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। विभाग द्वारा इस वर्ष 30 हजार यात्री रेल मार्ग एवं 6 हजार यात्री हवाई जहाज से कुल 36 हजार यात्रियों को यात्रा कराये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि योजना के चरणबद्ध क्रियान्वयन की अगली कडी में सितम्बर माह के अंत तक प्रत्येक जिला स्तर पर जिला स्तरीय समिति द्वारा लॉटरी से मुख्य, प्रतिक्षारत एवं अतिरिक्त प्रतिक्षारत आवेदकों का चयन किया जाना है। चयन पश्चात आगामी माह में चयनित यात्रियों की यात्राएं प्रारंभ की जावेगी। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वें संबंधित उपखण्ड अधिकारियों, तहसील, पंचायत समिति एवं ठाम स्तर पर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार करवाना सुनिश्चित करें ताकि अधिकाधिक पात्र लोगो को इस योजना का लाभ मिल सके।

## चोपदार ने दावेदारी जताई

**झुंझुनूं,** ( निसं ) राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन और झुंझुनूं के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एम.डी. चोपदार ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से जयपुर स्थित उनके निवास पर मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत पिछले कुछ समय से चिकित्सकों की सलाह पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे है । अब स्वस्थ होकर जनता के बीच फिर से उपलब्ध है। मुलाकात के दौरान एम.डी. चोपदार ने अशोक गहलोत से आगामी झुंझुनूं विधानसभा के उपचुनाव के लिए कांग्रेस से अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। इस दौरान गहलोत को झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों से भी अवगत करवाया।

## प्रिंस एकेडमी ने जीता विजेता का खिताब

**सीकर ।** 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन प्रिंस एजुहब की विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टेबल-टेनिस, हैंडबॉल, बैडमिंटन एवं बॉक्सिंग में फाइनल मैच जीतकर विजेता का खिताब हासिल किया है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन प्रिंस की टीमों ने कुल 18 मैच एवं 46 मेडल जीते हैं।

सीकर में चल रही हैंडबॉल 14 वर्ष छात्रा प्रतियोगिता के फाइनल मैच में प्रिंस एकेडमी ने रा.उ.मा.वि., अनोखू को 17-9 से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया है। साथ ही 14 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में भी प्रिंस एकेडमी ने रा.उ.मा.वि., पलसाना को 17-9 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सीकर में चल रही बैडमिंटन 14 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में प्रिंस एकेडमी ने रा.उ.मा.वि., पलासरा को फाइनल में 2-1 से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया है। सीकर में चल रही बॉक्सिंग 14 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में प्रिंस लोटस वैली स्कूल ने विजेता, प्रिंस सैनिक स्कूल ने उपविजेता एवं प्रिंस एकेडमी ने सेकंड रनर-अप का खिताब हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में प्रिंस ने 9 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक एवं 8 कांस्य पदक सहित कुल 24 पदक हासिल किए है । सीकर में चल रही टेबल-टेनिस 17 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में प्रिंस एकेडमी ने फाइनल में रा.उ.मा.वि., सिंहासन को 3-0 से पराजित कर विजेता का खिताब जीता है। 17 वर्ष छात्रा प्रतियोगिता में सेकंड रनर-अप का खिताब जीता है। सीकर में चल रही बैडमिंटन 19 वर्ष छात्रा प्रतियोगिता में प्रिंस एकेडमी ने रा.उ.मा.वि., ढहर का बास को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भढाढर में चल रही फुटबॉल 19 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में प्रिंस एकेडमी ने रा.उ.मा.वि., थोरासी को 3-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है । हुकमपुरा में चल रही नेटबॉल 14 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में प्रिंस एकेडमी ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। श्यामपुरा रोड, सीकर में चल रही कबड्डी 19 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में प्रिंस सी. सै. स्कूल ने विद्या बाल निकेतन, सीकर को 52-18 से पराजित कर सेमीफाइनल में एवं 17 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में रा.उ.मा.वि., गोडिया बड़ा को 37-23 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। पलसाना में चल रही वॉलीबॉल 14 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में प्रिंस एकेडमी ने फ्रेंड्स स्कूल, सांवलपुरा को 2-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है चैलासी में चल रही फुटबॉल 17 वर्ष छात्रा प्रतियोगिता में प्रिंस लोटस वैली स्कूल ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। रा.उ.मा.वि., लालासी में चल रही सॉफ्टबॉल 14 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में प्रिंस लोटस वैली स्कूल ने भारतीय स्कूल, लक्ष्मणगढ़ को 22-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

## आवेदन आमंत्रित

**सीकर,** 10 सितंबर। परियोजना प्रबन्धक अनुजा निगम, सीकर प्रियंका पारीक ने बताया कि राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम जयपुर के निर्देशानुसार पीएम-एजेएवाई योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के परिवारों को स्वरोजगार के लिए बैंको के माध्यम से ऋण व अनुदान उपलब्ध करवाया जायेगा।

उन्होंने बताया कि आवेदक राजस्थान का मूल निवासी एवं अनुसूचित जाति का सदस्य तथा आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। वहीं 2.50 लाख रुपये तक का वार्षिक आय वाले परिवारों को प्राथमिकता देने का प्रावधान किया गया है।

आवेदक पूर्व में अनुजा निगम की किसी भी योजना में अनुदान प्राप्त नही किया हो तथा आवेदक पर किसी ऋणदात्री संस्था, अनुजा निगम, बैंक अथवा सरकार का अवधिपार ऋण बकाया नहीं होना चाहिए। आवेदक शहरी क्षेत्र के लिए संचालित योजनाओं के लिए नगरपालिका नगरपरिषद, नगर निगम तथा ठाामीण क्षेत्र के लिए संबंधित पंचायत समिति से नि:शुल्क आवेदन प्राप्त कर पोप (ठाामीण एवं शहरी), ऑटोरिक्शा, ई रिक्शा योजना, उन्नत नस्ल गाय, भैंस योजना तथा मुद्रा ऋण योजना का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए अनुजा निगम कलेक्ट्रेट सीकर में सम्पर्क कर सकते है।

# मोदी के जन्मदिवस पर महासदस्यता अभियान झुंझुनूं में

### युवा शक्ति महासदस्यता सम्मेलन का रथ रवाना



झुंझुनूं राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां के कार्यालय से रथ को रवाना किया।

**झुंझुन ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर को शहर मुख्यालय के गांधी चौक में होने वाले युवा शक्ति महासदस्यता सम्मेलन के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बुधवार को स्थानीय तीन नंबर रोड स्थित राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां के कार्यालय से भाजपा के महा सदस्यता सम्मेलन रथ को सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी सौरभ सारस्वत, जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, व राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां ने भाजपा की झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, महेश जीनगर, रजनीश शर्मा चनाना, पूर्व जिला मंत्री संजय मोरवाल, नगर महामंत्री रवि लांबा, अजय पचार, एडवोकेट सुरेंद्र भांबू, संजय बुडनिया सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार्मिकों ने ली शपथ

**सीकर ।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर शहर के श्री कल्याण अस्पताल में नर्सिंग छात्र छात्राओं को इसके बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने जनजागरूकता रैली निकाली। वहीं संस्थाओं में अधिकारियों व कर्मचारियों तथा एसके अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों को आत्महत्या मुक्त राजस्थान की शपथ भी दिलवाई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि आत्महत्या की रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास करने होंगे। आमजन में जोखिम कारकों को पहचानने और आत्महत्या से संबंधित मिथकों व तथ्यों के प्रति जागरूकता करना बेहद जरूरी है। इसके लिए सहयोगात्मक और सकारात्मक वातावरण बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन हालात में टेलीमानस हेल्पलाइन 14416 या 1800 89 14416 पर सहायता ली जा सकती है। यहां पर विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने मीडिया कर्मियों से भी अपील की कि आत्महत्या की खबर फ्रंट पेज पर प्रकाशित करने से बचना चाहिए। आत्महत्या को रोकने केलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट प्रिवेंटिंग सुसाइड ए रिसोर्स फॉर मीडिया प्रोफेशनल 2017 के अनुसरण में भारतीय प्रेस परिषद के दिशा निर्देशों की भी जानकारी देते हुए बच्चों पर कम आयु में भविष्य निर्माण के लिए अनावश्यक दबाव नहीं बनाने का आव्हान किया।

